दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN16931 ‖ email :- nyaysakshi@gmail.com ‖ रायगढ़, सोमवार 26 नवम्बर 2018 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक-59

# छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग से चयनित 17 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति रद्द, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने जारी किया आदेश

रायपुर. राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने छत्तीसगढ़ लोकसेवा आयोग से चयनित 17 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति रद्द करने का आदेश जारी कर दिया है। नियुक्ति आदेश के बाद भी तय समय पर नियुक्ति नहीं करने पर विभाग ने यह कार्रवाई की है। अब विभाग 19 प्रतिक्षारत अभ्यर्थियों के जरिए नियुक्ति की प्रक्रिया पूरी कर सकता है। विभाग ने अप्रैल 2018 में कुल 76 नायब तहसीलदारों की नियुक्ति के लिए आदेश जारी



किया था। आदेश जारी करते समय स्पष्ट कहा गया था कि इन अभ्यर्थियों को 7 जून 2018 तक पदभार ग्रहण करना अनिवार्य है। इसके बाद भी 17 अभ्यर्थियों ने पदभार ग्रहण नहीं किया। इसे विभाग ने गंभीरता से लेते हुए इन 17 नायक तहसीलदारों के नियुक्ति आदेश पर रोक लगा दी है। इन नायब तहसीलदारों की नियुक्ति कोरबा, बलरामपुर, सरगुजा, कोरिया, बस्तर, जांजगीर-चांपा, दंतेवाड़ा, रायगढ़, कबीरधाम, बीजापुर, बलौदाबाजार,गरियबंद, जशपुर और दंतेवाड़ा जिले में होनी थी। इन नायब तहसीलदारों की नियुक्ति निरस्त डॉ. राकेश अग्रवाल, आकांक्षा त्रिपाठी, अनुराग त्रिपाठी, स्मृति तिवारी, निखिल अग्रवाल, स्मिता तिवारी, प्रियंका चंद्रा, डब्बू साहू, आशारानी खूंटे, संदीप कुमार साय, दीप्ति मंडावी, लवकेश कुमार ध्रुव, शिव नारायण राठिया, विजय प्रताप सिंह, मनोज कुमार, विजय कुमार पटेल, जयपाल सिंह पवार।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 26/11 हमले के दोषियों को पकड़वाने पर देगा 50 लाख डॉलर का ईनाम

**अमेरिका का बड़ा ऐलान**

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका ने आज से दस साल पूर्व हुए मुंबई हमले



में शामिल किसी भी आरोपी की गिरफ्तारी या उसकी दोषसिद्धि के लिये सूचना देने वालों को 50 लाख डॉलर का इनाम देने की घोषणा की है। सरकार ने हमले की 10वीं बरसी पर इस बड़े पुरस्कार (35 करोड़ रुपये से अधिक) की घोषणा की। इस हमले में लश्कर-ए-तैयबा के 10 पाक आतंकवादियों ने भारत की वित्तीय राजधानी पर हमला किया था जिसमें छह अमेरिकियों समेत 166 लोग मारे गए थे। विदेश मंत्रालय के रिवार्ड्स फॉर जस्टिस प्रोग्राम ने कहा गया कि मुंबई हमले को जिसने भी अंजाम दिया, उसकी साजिश रची, उसे अंजाम देने में सहायता की या उसे उकसाया उसकी गिरफ्तारी या किसी देश में दोषसिद्धि के लिये सूचना देने वालों को 50 लाख डॉलर तक का इनाम देने की घोषणा करता है।

### गांधी के लिखे पत्रों की होगी नीलामी

बोस्टन (आरएनएस)। महात्मा गांधी द्वारा ब्रिटेन अधिकारी को लिखा गया और उनके हस्ताक्षर वाला एक पत्र ऑनलाइन नीलाम होगा। उसके 20,000 डॉलर में बिकने की संभावना है। एक पन्ने के पत्र पर एम.के. गांधी नाम से हस्ताक्षर हैं। 10 अक्टूबर 1946 को नयी दिल्ली से लिखा गया यह पत्र उन्होंने लॉर्ड पैथिक लॉरेंस को लिखा था जो भारत और बर्मा मामलों के राज्य सचिव थे। इस पत्र में गांधी ने जन्मदिन की बधाई देने के लिए लॉरेंस के प्रति आभार प्रकट किया था। इसमें उन्होंने लिखा था, '' प्रिय मित्र, जन्मदिन की बधाई देने के लिए आपका आभार, इसी दिन 1918 में चरखे का भी पुनर्जन्म हुआ था। '' लॉर्ड पैथिक लॉरेंस उस बातचीत में शामिल थे जिसके चलते भारत की आजादी का रास्ता साफ हुआ। नीलामी के लिए बोली पांच दिसंबर तक लगाई जा सकेगी।

### फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी, उड़ते विमान में मचा हड़कंप

कोलकाता (आरएनएस)। जेट एयरवेज की फ्लाइट को एक यात्री ने बम से उड़ाने की धमकी दी, इस सूचना पर यात्रियों के बीच हड़कंप मच गया। कोलकाता से मुंबई जाने वाली फ्लाइट में धमाके की धमकी देने वाले को गिरफ्तार किया गया है।


### राजधानी में सोमवार सुबह धुंध, वायु गुणवत्ता अभी भी खराब

नई दिल्ली (आरएनएस)। राष्ट्रीय राजधानी में वायु गुणवत्ता अभी भी खराब है। सोमवार सुबह धुंध छाई रही, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से एक डिग्री नीचे 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। मौसम विभाग से मिली जानकारी के सुबह धुंध और कुहासा छाए रहने और दिन में आंशिक रूप से बदल छाने के साथ आसमान मुख्य रूप से साफ रहेगा।

## रिश्वत के आरोपों की जांच हेतु 7 देशों से संपर्क करेगी सरकार

**हवाला मामला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। मीट एक्सपोर्टर मोईन कुरैशी से कुछ शासकीय कर्मियों-अधिकारियों द्वारा रिश्वत लेने के आरोपों की जांच हेतु सरकार सात देशों से संपर्क करेगी। इन अधिकारियों पर करोड़ों की रिश्वत लेने और उसे अपनी पसंद के देश में हवाला के जरिए रखने का आरोप है।




इसकी जानकारी लेने के लिए सिंगापुर और हांगकांग को पहले ही लेटर रोगेटरी (एलआर) जारी कर दिए गए हैं। सरकार ने जांच एजेंसियों को ब्रिटेन को एलआर जारी करने के लिए कोर्ट से संपर्क करने की स्वीकृति दी है। सीबीआई और ईडी ने यह जानकारी एक स्थानीय अदालत को दी है। इसके अलावा दुबई, स्विट्जरलैंड, फ्रांस और अमेरिका को भी एलआर जारी करने के लिए जांच एजेंसियां जल्द ही अदालत से निवेदन करेंगी।

सीबीआई और ईडी दोनों ने 17-27 अक्टूबर तक वर्ल्ड फूड फेस्टिवल में हिस्सा लेने के लिए दुबई जाने के कुरैशी के निवेदन का कड़ा विरोध किया था। हालांकि, कोर्ट ने कुरैशी के खिलाफ कोई नया प्रमाण न होने के कारण 16 अक्टूबर को उसके दुबई जाने की अनुमति दे दी थी। सीबीआई और ईडी ने अदालत को बताया है कि कुरैशी के पास आठ देशों में 45 विदेशी बैंक एकाउंट हैं। उसके पास अमेरिका में 20, फ्रांस में 8, ब्रिटेन में 7, हांगकांग में 4, सिंगापुर में 2, इटली, आयरलैंड और संयुक्त अरब अमीरात प्रत्येक में 1 एकाउंट है।

अदालत को बताया गया है कि कुरैशी एक विदेशी कंपनी मैसर्स बुलोवा होल्डिंग लिमिटेड का एकमात्र लाभार्थी मालिक है। इस कंपनी का ऑफिस ब्रिटिश वर्जिन आइलैंड में है। जांच एजेंसियों ने अदालत को बताया है, लंदन एक आलीशान घर भी कथित तौर पर इस कंपनी के नाम पर खरीदा गया था।

जांच एजेंसियों का कहना है कि हवाला ऑपरेटर्स रिश्वत की कुछ रकम का फ्रांस, ब्रिटेन, दुबई जैसे देशों में ट्रांसफर करते हैं।

## बच्चों को मिलेगी भारी स्कूल बैग से निजात, जानिए कितना होगा बच्चों के बैग का वजन

स्कूली बच्चों के भारी भरकम बैग को लेकर एक लंबे समय से सवाल उठाया जाता रहा है. अब मानव संसाधन विकास मंत्रालय ने इससे छुटकारा पाने का मन बना लिया है. मंत्रालय ने पहली से 10वीं क्लास तक के लिए बच्चों के स्कूल बैग के वजन को निर्धारित कर दिया है. इससे मासूम बच्चों को होने वाली हेल्थ दिक्कतों से छुटकारा मिल जाएगा. बच्चों के होमवर्क को लेकर भी नियम बनाया गया है. बता दें कि स्कूली बस्तों के भारी भरकम वजन की वजह से बच्चों की कमर पर बुरा असर पड़ रहा था. बच्चों की सेहत के मद्देनजर सरकार ने नई गाइडलाइन जारी कर दी है.



एचआरडी मिनिस्ट्री ने सभी राज्यों और केंद्र शासित राज्यों को कहा है कि अब बच्चों के बैग का वजन वही होगा जो मिनिस्ट्री की ओर से तय किया जाएगा. गाइनलाइन में कक्षाओं के मुताबिक बच्चों के स्कूल बैग का वजन निर्धारित कर दिया गया है.

**जानिए कितना होगा बच्चों के बैग का वजन**

पहली क्लास से दूसरी क्लास : बैग का वजन 1.5 किलोग्राम होना चाहिए.

तीसरी क्लास से चौथी क्लास : बैग का वजन 2 किलोग्राम से 3 किलोग्राम तक.

छठी क्लास से सातवी क्लासः बैग का वजन 4 किलोग्राम तक

आठवीं क्लास से नौंवी क्लासः बैग का वजन 4.5 किलोग्राम तक.

दसवीं क्लास : बैग का वजन 5 किलोग्राम तक होना चाहिए

## ताइवान स्ट्रेट भूकंप के तेज झटकों से हिला, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 5.6

नई दिल्ली। ताइवान स्ट्रेट के पास सोमवार को रिक्टर पैमाने पर 6.2




तीव्रता के भूकंप के झटके महसूस किए गए. चाइना अर्थक्वेक नेटवर्क्स सेंटर (सीईएनसी) ने कहा कि भूकंप का केंद्र 23.28 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 118.60 डिग्री पूर्वी देशांतर में दर्ज किया गया. भूकंप का केंद्र 20 किलोमीटर की गहराई में रहा. इससे पहले भूकंप की तीव्रता 5.6 मापी गई थी.

## तट पर फंसी 145 पायलट व्हेल की मौत

वेलिंगटन (आरएनएस)। देश के दूरदराज तट पर फंसी सभी 145 पायलट व्हेल की मौत हो गई। हालांकि संरक्षणकर्मियों को उम्मीद है कि वह उन आठ छोटी किलर व्हेल को बचा लेंगे जो देश के दूसरे हिस्से में सोमवार को भी फंसी रहीं। शनिवार को स्टीवर्ट द्वीप पर एक हाइकर ने व्हेल के दो समूहों को फंसे देखा था।

ये समूह एक-दूसरे से करीब दो किमी दूर थे। इनमें से 75 मर चुकी थीं और बाकी की हालत बहुत खराब थी।

## छह घंटे के लिए रात से बंद रहेगा सिग्नेचर ब्रिज

**दिल्ली सरकार का फैसला**

नई दिल्ली (आरएनएस)। सिग्नेचर ब्रिज पर होने वाले हादसों को रोकने और शेष कार्य पूरा करने के लिए ब्रिज को दिल्ली सरकार सोमवार रात 11 बजे से सुबह 5 बजे तक बंद करने का फैसला किया है। आपको बता दें कि ब्रिज के मुख्य पिलर के ऊपर 22 मीटर के अंतिम सेगमेंट पर काम होना बाकी है, जिसके लिए ब्रिज को बंद किया जाएगा। इसके लिए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस समेत अन्य विभागों से अनुमति मांगी गई है, इजाजत मिलते ही ब्रिज को रात के समय बंद कर दिया जाएगा।



इस संबंध में पर्यावरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि सिग्नेचर ब्रिज का मुख्य आकर्षण 154 मीटर ऊंचाई वाला पिलर है। इस पिलर के अंतिम 22 मीटर के सेगमेंट पर काम बाकी है। साथ ही लिफ्ट लगाने की दिशा में भी काम बांकी है। इन दोनों कामों को रात के समय में किया जाएगा। हालांकि अभी तय नहीं हुआ है कि यह कार्य कब शुरू होगा। अधिकारी ने बताया कि ट्रैफिक व अन्य विभागों से मंजूरी मिलने के साथ ही विभाग विकास कार्य शुरू कर देगा। बता दें कि 154 मीटर में से 132 मीटर ऊंचाई तक का काम पूरा हो गया है जबकि 22 मीटर पर काम चल रहा है।

## स्वामी रामभद्राचार्य ने कहा- 11 दिसंबर के बाद राम मंदिर निर्माण पर होगा बड़ा फैसला

अयोध्या। देश में बीते कई सालों से चले आ रहे अहम मुद्दे अयोध्या राम मंदिर मामले में अब गर्माहट देखने को मिल रही है। जानकारी के अनुसार बता दें कि अयोध्या में विवादित जमीन पर भव्य राम मंदिर निर्माण की हुंकार के साथ रविवार को विहिप की धर्मसभा व शिवसेना का अयोध्या कूच निर्वघ्न संपन्न हो गया है। यहां बता दें कि धर्मसभा में चित्रकूट के तुलसी पीठाधीश्वर स्वामी रामभद्राचार्य ने



एक वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री से फोन पर हुई चर्चा के आधार पर दावा किया है कि 11 दिसंबर के बाद अयोध्या में मंदिर निर्माण पर बड़ा फैसला होगा भाजपा ही ये मंदिर बनाएगी। वहीं बता दें कि विहिप के उपाध्यक्ष चंपत राय ने कहा कि अयोध्या में हमें जमीन का बंटवारा मंजूर नहीं उन्होने कहा कि उन्हें पूरी जमीन चाहिए। इसके अलावा शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे ने केंद्र सरकार को साफ चेतावनी दी कि मोदी सरकार अब चूकी तो 2019 में वह सत्ता में नहीं आएगी। इसके साथ ही पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव के प्रचंड प्रचार के बीच गर्माए मंदिर मुद्दे अयोध्या में लाखों भक्तों के पहुंचने से उपजी आशंकाएं तब निर्मूल साबित हो गई, जब राम के नाम रहा यह रविवार शांति से बीत गया। राम भक्तों के साथ संतों ने भी जन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प दोहराया लेकिन कोई उत्तेजना नहीं फैलाई। यहां बता दें कि शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे व उनकी पार्टी के हजारों कार्यकर्ता भी रामलला के दर्शन कर लौट गए।

## एयरसेल-मैक्सिस डील मामले में पूर्व वित्त मंत्री पी. चिदंबरम के खिलाफ चलेगा मुकदमा, सीबीआई को केंद्र सरकार ने दी मंजूरी



नई दिल्ली। सीबीआई ने दिल्ली पटियाला हाउस कोर्ट को जानकारी दी है कि उसको केंद्र सरकार की ओर से केस चलाने की मंजूरी मिल गई है.

## दक्षिणी कैलिफिर्निया से लगी सीमा को अमेरिका ने बंद किया

तिजुआना (मेक्सिको) (आरएनएस)। तिजुआना से सैकड़ों शरणार्थियों के सीमा पर बाड़ तोड़ने की कोशिश करने के बाद अमेरिकी अधिकारियों ने रविवार को दक्षिणी कैलिफिर्निया से लगी सीमा को बंद कर दिया। कैलिफोर्निया के सैन डिएगो में 'अमेरिका के सीमा शुल्क एवं सुरक्षा (सीबीपी) कार्यालय' ने ट्विटर पर बताया कि उसने सैन सिदरो की सीमा चौकी पर वाहनों की आवाजाही उत्तर और दक्षिण दोनों ओर से बंद कर दी है।